भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1166

दिनांक 06 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

पंखुड़ी – एकीकृत डिजिटल पोर्टल

1166. श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव:
श्री भोजराज नाग:
श्री प्रताप चंद्र सारंगी:
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्री विजय बघेल:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री नलिन सोरेन:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री अनन्त नायक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री पी.वी. मिथुन रेड्डी:
श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री मितेश पटेल बकाभाई:
श्री नव चरण माझी:
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:
श्री सतीश कुमार गौतम:
श्री दामोदर अग्रवाल:
श्री जुगल किशोर:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:
श्रीमती संजना जाटव:
श्री यदुवीर वाडियार:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महिला एवं बाल विकास पहलों को सहायता देने के लिए शुरू किए गए पंखुड़ी डिजिटल प्लेटफार्म के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र/प्रमुख कार्यात्मक विशेषताओं का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पंखुड़ी पोर्टल पर पंजीकृत हितधारकों का ब्यौरा क्या है और व्यक्ति, अनिवासी भारतीयों, गैर-सरकारी संगठनों, सीएसआर योगदानकर्ताओं, कॉर्पोरेट संस्थाओं और सरकारी अभिकरणों का ब्यौरा क्या है, साथ ही उन विषयगत क्षेत्रों, जिनमें प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत समर्थित परियोजनाओं और भागीदारी डेटा, यदि कोई हो, का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पंखुड़ी प्लेटफार्म की स्थापना से लेकर अब तक इसके माध्यम से जुटाए गए बजटीय आबंटन, जुटाए गए अंशदान/उपयोग की गई निधि संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पारदर्शिता, समन्वय/परिणाम-आधारित निधि उपयोग, संसाधनों के समान क्षेत्रीय वितरण और कार्यक्रमों, परियोजनाओं और परिणामों के मूल्यांकन/तात्कालिक निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए स्थापित निगरानी/जवाबदेही तंत्रों संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) सेवा प्रदायगी परिणामों पर पोर्टल के प्रभाव को अधिकतम करने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों, निजी क्षेत्र/सिविल सोसायटी की व्यापक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(च) इसके द्वारा महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सीएसआर और साझेदारी आधारित हस्तक्षेपों को सुगम बनाने की राज्य-वार/जिला-वार रीति क्या है; और

(छ) उक्त पोर्टल पर सीएसआर के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों की राज्य/जिला-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (छ): हाल ही में शुरू किए गए 'पंखुड़ी पोर्टल' महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) का एक एकल-खिड़की डिजिटल मंच है, जिसे महिला एवं बाल विकास पहलों में व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों और प्रवासी भारतीयों की सुनियोजित एवं पारदर्शी भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह पोर्टल पंजीकरण, प्रस्ताव प्रस्तुत करने और योगदान (केवल गैर-नकद योगदान) की निगरानी के लिए संपूर्ण डिजिटल कार्यप्रणाली प्रदान करता है। मंत्रालय के तीन मिशनों से संबंधित विभिन्न राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधीन कार्यरत जमीनी स्तर के संस्थान अपनी आवश्यकताओं को बता सकते हैं।

पंखुड़ी पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा (ईसीसीई), बाल संरक्षण और महिला सशक्तीकरण जैसे प्राथमिकता वाले विषयगत क्षेत्रों में सहायता करती है, तथा मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति सहित प्रमुख योजनाओं के साथ योगदान को संरेखित करती है, जिससे सरकारी निकायों और भागीदार संगठनों के बीच ताल-मेल को बढ़ावा मिलता है।

दिनांक 03.02.2026 तक, पोर्टल पर 38 योगदानकर्ताओं ने पंजीकरण कराया है।

मंत्रालय ने क्षमता निर्माण और जागरूकता गतिविधियों को शुरू किया है, जिसमें राज्य और जिला अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन सत्र, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठकें एवं सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान (एसपीएनआईडब्ल्यूसीडी) द्वारा संचालित सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों में पंखुड़ी पर एक मॉड्यूल का शुभारंभ शामिल है।

*****